भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3673
04 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड और विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र का कारोबार

3673. श्री वि. विजयसाई रेड्डी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने वर्ष 2020-21 में 18,000 करोड़ रु. का दूसरा सबसे अधिक कारोबार दर्ज किया है;
(ख) 2021-22 में आरआईएनएल का प्रदर्शन कैसा रहा है;
(ग) क्या यह सच है कि विगत वित्तीय वर्ष के अंतिम चार महीनों में विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र (वीएसपी) ने 740 करोड़ रु. का लाभ कमाया था;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या वीएसपी अवसर दिए जाने पर फिर से लाभकारी स्थिति में आने की क्षमता रखता है; और
(च) यदि हाँ, तो क्या मंत्रालय कम से कम कोयला मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को आबद्ध खदानों को वीएसपी को आवंटित करने के लिए राजी करेगा ताकि आगामी वर्षों में वह अपने लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त कर सके?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): जी, हाँ। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 17,980 करोड़ रुपए का अपना दूसरा सर्वाधिक कारोबार दर्ज किया है।

(ख) से (घ): वर्ष 2021-22 के दौरान आरआईएनएल के कार्य-निष्पादन के लेखा-परीक्षित आंकड़े प्रकाशित नहीं हुए हैं। विगत वित्त वर्ष अर्थात् 2020-21 में आरआईएनएल ने 789 करोड़ रुपये की निवल हानि दर्ज की है।

(ङ) और (च): प्रत्येक वर्ष, आरआईएनएल का कार्य-निष्पादन, देश में इस्पात क्षेत्र के कार्य-निष्पादन की पृष्ठभूमि में इसके भौतिक एवं वित्तीय कार्य-निष्पादन पर निर्भर करता है। विगत दस वर्षों के दौरान आरआईएनएल का कार्य-निष्पादन नीचे दिया गया है:-

	बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन (हजार टन में)	**कारोबार (करोड़ रु.)**	**निवल लाभ/हानि (करोड़ रुपये)**
2020-21	4163	17980	-789
2019-20	4452	15819	-3910

2018-19	5000	20844	97
2017-18	4500	16618	-1369
2016-17	3847	12706	-1263
2015-16	3513	12271	-1421
2014-15	3017	11675	62
2013-14	3016	13489	366
2012-13	2900	13553	353
2011-12	2990	14462	751

इस्पात मंत्रालय सभी संबंधितों के साथ खदानों और कच्चे माल के आवंटन/अधिप्राप्ति (सोर्सिंग) का प्रयास करता रहा है।

इसके अतिरिक्त, आरआईएनएल खान मंत्रालय द्वारा संचालित कोयला खदानों के आवंटन की नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकता है।

****